Number of Pages in Booklet : 24
पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या
Number of Questions in Booklet : 70
पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या

Serial No. of Booklet
पुस्तिका क्रमांक

320705

# Economics
## Subject Code/विषय कोड : 32

Roll No. of Candidate/अभ्यर्थी का अनुक्रमांक : ..............................

OMR Serial Number/ओ.एम.आर. क्रमांक : ..............................

Signature of Candidate/अभ्यर्थी के हस्ताक्षर : ..............................

Date of Examination/परीक्षा तिथि : ..............................

Signature of Invigilator/वीक्षक के हस्ताक्षर : ..............................

Time/समय : 75 Minutes/मिनिट्स

Maximum Marks/पूर्णांक : 70

### Instructions

1. Answer *all* questions.
2. *All* questions carry equal marks.
3. In this booklet, the questions from serial no. 1 to serial no. 10 are related to general aptitude while questions from serial no. 11 to serial no. 70 are subject specific.
4. Each question has four alternatives marked as (a), (b), (c), (d).
5. Choose only one alternative as an answer of a question.
6. If more than one answer is marked, then it will be treated as wrong answer.
7. Candidate has to darken only one circle indicating the correct answer on the answer sheet by using **BLUE BALL POINT PEN**.
8. There is no provision of **Negative marking**.
9. Carrying Mobile phone in the examination hall is strictly prohibited. If any objectionable material is also found then action will be taken as per University norms.
10. Please fill your Roll No. and other information carefully on OMR sheet. In case of any mistake on OMR sheet, candidate will be responsible.
11. If there is any difference between English and Hindi version of questions, then English version shall be correct.

### निर्देश

1. **सभी** प्रश्नों के उत्तर दीजिये ।
2. **सभी** प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. इस प्रश्न पुस्तिका में क्रमांक 1 से क्रमांक 10 तक के प्रश्न सामान्य अभिवृत्ति के तथा क्रमांक 11 से क्रमांक 70 तक के प्रश्न विषय केन्द्रित हैं ।
4. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर हैं जिन्हें क्रमशः (अ), (ब), (स), (द) से अंकित किया गया है ।
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक विकल्प उत्तर के रूप में चुनिये ।
6. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न का उत्तर गलत माना जाएगा ।
7. अभ्यर्थी को सही उत्तर हेतु केवल एक गोले को उत्तर पुस्तिका पर **नीले बॉल प्वाइंट पेन** से गहरा करना है ।
8. **नकारात्मक अंक** प्रदान करने का कोई प्रावधान नहीं है ।
9. मोबाइल फोन का परीक्षा हॉल में लाना पूर्णतया निषिद्ध है । साथ ही कोई भी अन्य वर्जित सामग्री मिलने पर विश्वविद्यालय के नियमानुसार कार्यवाही होगी ।
10. अभ्यर्थी अपना रोल नम्बर एवं अन्य जानकारियाँ ओ.एम.आर. शीट पर सावधानी से भरें । ओ.एम.आर. शीट पर कोई भी त्रुटि होने पर उसका पूर्ण दायित्व अभ्यर्थी का होगा ।
11. यदि प्रश्नों के हिंदी और अंग्रेजी रूपान्तरणों के मध्य किसी प्रकार का फर्क पाया जाता है, तब अंग्रेजी रूपान्तरण को ही सही माना जाएगा ।

SEAL

**Space for Rough Work**

**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

1. Fill in the blank in the given sentence so as to make sense. Select the *correct* word from the answer choices :

   She helped everyone of those boys in doing ................................ work.

   (a) his

   (b) their

   (c) ones

   (d) none of the above

2. A word has been written in four different ways. Out of which only one is correctly spelt. Find the correctly spelt word :

   (a) Mustach

   (b) Moustach

   (c) Mustache

   (d) Moustache

3. Out of the four alternatives, choose the one which best expresses the meaning of the given word.

   GRATIFY :

   (a) Frank

   (b) Appreciate

   (c) Pacify

   (d) Indulge

1. नीचे दिये गये वाक्य में रिक्त स्थान भरिये ताकि वाक्य अर्थपूर्ण बने । निम्नलिखित में से इस हेतु उपयुक्त शब्द का चुनाव कीजिये :

   She helped everyone of those boys in doing ................................ work.

   (अ) his

   (ब) their

   (स) ones

   (द) none of the above

2. एक शब्द को नीचे चार भिन्न तरीकों से लिखा गया है । इनमें से केवल एक की स्पेलिंग ही सही है । सही स्पेलिंग वाले शब्द का चुनाव कीजिये :

   (अ) Mustach

   (ब) Moustach

   (स) Mustache

   (द) Moustache

3. नीचे दिये गये चार विकल्पों में से उस विकल्प को चुनिये जो दिये गये शब्द का सबसे उपयुक्त उत्तर है ।

   GRATIFY :

   (अ) Frank

   (ब) Appreciate

   (स) Pacify

   (द) Indulge

4. Who is the king of wealth ?

(a) Vayu

(b) Kubera

(c) Indra

(d) Agni

5. Michael Ferraria is associated with which games/sports ?

(a) Billiards

(b) Karate

(c) Hockey

(d) Tennis

6. Jesus Christ was crucified in :

(a) 4 BC

(b) 4 AD

(c) 20 AD

(d) 1 AD

7. A man spends 25% of his money on food. After spending 50% of the remaining, he is left with Rs. 375. How much money was with that man initially ?

(a) Rs. 5,000

(b) Rs. 4,000

(c) Rs. 5,800

(d) Rs. 1,000

4. धन का राजा कौन है ?

(अ) वायु

(ब) कुबेर

(स) इन्द्र

(द) अग्नि

5. माइकल फरेरा किस खेल से सम्बन्धित है ?

(अ) बिलियर्ड्स

(ब) कराटे

(स) हॉकी

(द) टेनिस

6. ईसा मसीह को कब सूली पर चढ़ाया गया था ?

(अ) 4 BC

(ब) 4 AD

(स) 20 AD

(द) 1 AD

7. एक व्यक्ति अपनी राशि का 25 प्रतिशत भोजन पर खर्च करता है । शेष राशि का 50 प्रतिशत खर्च करने के बाद उसके पास 375 रु. बचते हैं । उस व्यक्ति के पास शुरूआत में कितनी राशि थी ?

(अ) 5,000 रु.

(ब) 4,000 रु.

(स) 5,800 रु.

(द) 1,000 रु.

8. 5005 – 5000 ÷ 10 = ?

(a) 4500

(b) 4550

(c) 4505

(d) 4050

9. Complete the series from the given alternatives :

5, 9, 17, 29, 45, ................

(a) 60

(b) 65

(c) 68

(d) 70

10. Four words are given, out of which three are alike in some manner and the fourth one is different. Choose out the odd one.

(a) Cotton

(b) Jute

(c) Silk

(d) Nylon

8. 5005 – 5000 ÷ 10 = ?

(अ) 4500

(ब) 4550

(स) 4505

(द) 4050

9. दिये गये विकल्पों में से किसी एक को चुनकर श्रेणी को पूरा कीजिये :

5, 9, 17, 29, 45, ................

(अ) 60

(ब) 65

(स) 68

(द) 70

10. दिये गये चार शब्दों में से तीन शब्द किसी आधार पर समान हैं और चौथा भिन्न है । उस भिन्न शब्द को चुनिये ।

(अ) Cotton

(ब) Jute

(स) Silk

(द) Nylon

11. If a demand curve shifts to the right, it indicates :

(a) increase in quantity demanded

(b) increase in demand

(c) decrease in demand

(d) decrease in quantity demanded

12. In the case of perfect substitute goods, marginal rate of substitution ($MRS_{XY}$) is :

(a) decreasing

(b) constant

(c) increasing

(d) zero

13. 'Income Consumption Curve' (ICC) in 'Consumer Theory' is similar to which of the following in 'Production Theory' ?

(a) expansion path

(b) iso-cost line

(c) price-consumption curve

(d) isoquant

11. यदि कोई मांग वक्र दायीं ओर खिसकता है तो इसका अर्थ है :

(अ) मांग मात्रा में वृद्धि

(ब) मांग में वृद्धि

(स) मांग में कमी

(द) मांग मात्रा में कमी

12. पूर्ण स्थानापन्न वस्तुओं की स्थिति में प्रतिस्थापन की सीमांत दर ($MRS_{XY}$) होती है :

(अ) घटती हुई

(ब) स्थिर

(स) बढ़ती हुई

(द) शून्य

13. 'उपभोक्ता सिद्धान्त' का 'आय उपभोग वक्र' (ICC) 'उत्पादन सिद्धांत' में निम्नलिखित में से किसके अनुरूप है ?

(अ) विस्तार पथ

(ब) सम-लागत रेखा

(स) कीमत-उपभोग वक्र

(द) समोत्पत्ति वक्र

14. The second stage of production starts where :

(a) $AP_L$ begins to fall

(b) $MP_L$ is maximum

(c) $MP_L$ is zero

(d) $MP_L$ begins to fall

15. The point where total product (TP) curve changes its shape from convex to concave is called :

(a) point of bliss

(b) point of inflection

(c) equilibrium point

(d) point of falling TP

16. If $MRTS_{LK}$ is equal to 3, then $\frac{MP_K}{MP_L}$ is equal to :

(a) 3

(b) $\frac{3}{4}$

(c) 1

(d) $\frac{1}{3}$

14. उत्पादन की द्वितीय अवस्था आरंभ होती है जहाँ :

(अ) $AP_L$ गिरना आरंभ करती है

(ब) $MP_L$ अधिकतम होती है

(स) $MP_L$ शून्य होती है

(द) $MP_L$ गिरना आरंभ करती है

15. वह बिंदु जहाँ कुल उत्पादन (TP) वक्र का आकार उन्नतोदर से नतोदर होता है वह कहलाता है :

(अ) ब्लिस का बिंदु

(ब) मोड़ का बिंदु

(स) साम्य बिंदु

(द) घटते हुए TP का बिंदु

16. यदि $MRTS_{LK}$ 3 के बराबर है, तो $\frac{MP_K}{MP_L}$ बराबर है :

(अ) 3

(ब) $\frac{3}{4}$

(स) 1

(द) $\frac{1}{3}$

17. If an isoquant is L-shaped then two factors are :

(a) perfect complementary

(b) perfect substitutes

(c) imperfect complementary

(d) imperfect substitutes

18. In Cobb-Douglas production function $Q = AL^{\alpha}K^{\beta}$, there will be increasing returns to scale if :

(a) $\alpha + \beta > 0$

(b) $\alpha + \beta > 1$

(c) $\alpha + \beta < 1$

(d) $\alpha + \beta = 1$

19. Which of the following curves is *not* U-shaped ?

(a) AVC curve

(b) AC curve

(c) MC curve

(d) AFC curve

20. Which of the following equations represents break-even point ?

(a) TR > TC

(b) TR = TC

(c) MR = MC

(d) TR < TC

17. यदि समोत्पत्ति वक्र L–आकृति का है, तो दोनों साधन हैं :

(अ) पूर्ण पूरक

(ब) पूर्ण स्थानापन्न

(स) अपूर्ण पूरक

(द) अपूर्ण स्थानापन्न

18. कॉब-डगलस उत्पादन फलन $Q = AL^{\alpha}K^{\beta}$ में पैमाने के वर्धमान प्रतिफल की दशा होगी, यदि :

(अ) $\alpha + \beta > 0$

(ब) $\alpha + \beta > 1$

(स) $\alpha + \beta < 1$

(द) $\alpha + \beta = 1$

19. निम्न वक्रों में से कौनसा U–आकार का नहीं है ?

(अ) AVC वक्र

(ब) AC वक्र

(स) MC वक्र

(द) AFC वक्र

20. निम्न समीकरणों में से कौनसा वक्र सम-विच्छेद बिंदु को दर्शाता है ?

(अ) TR > TC

(ब) TR = TC

(स) MR = MC

(द) TR < TC

21. The main objective of monopolist is :

(a) to get high prices

(b) to earn maximum profit

(c) to sell complete product

(d) none of the above

22. The condition of monopolistic competition is :

(a) many producers

(b) product differentiation

(c) many producers and product differentiation

(d) none of the above

23. Demand for factors of production is :

(a) effective demand

(b) direct demand

(c) preference demand

(d) derived demand

24. MRP of any factor of production in monopoly is equal to :

(a) MPP × AR

(b) MPP × Price

(c) MPP × MR

(d) ARP × MR

21. एकाधिकारी का मुख्य उद्देश्य होता है :

(अ) बहुत ऊँची कीमत लेना

(ब) अधिकतम लाभ अर्जित करना

(स) संपूर्ण उत्पादित माल को बेचना

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

22. एकाधिकारात्मक प्रतिस्पर्धा की शर्त है :

(अ) अनेक उत्पादक

(ब) वस्तु विभेद

(स) अनेक उत्पादक और वस्तु विभेद

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

23. उत्पादन के साधनों की माँग होती है :

(अ) प्रभावी माँग

(ब) प्रत्यक्ष माँग

(स) अधिमान माँग

(द) व्युत्पन्न माँग

24. एकाधिकार के अंतर्गत किसी उत्पादन के साधन का सीमांत आगम उत्पाद (MRP) बराबर है :

(अ) MPP × AR

(ब) MPP × Price

(स) MPP × MR

(द) ARP × MR

25. Loanable fund theory of interest is associated with :

(a) Keynes

(b) Wicksell

(c) Hanson

(d) Hicks

26. Quasi-rent is equal to :

(a) P – AVC

(b) P – AFC

(c) P – AC

(d) P – MC

27. Microeconomics and macroeconomics terms were coined by :

(a) Ragnar Frisch

(b) P.A. Samuelson

(c) J.M. Keynes

(d) J.R. Hicks

28. Difference between GNP and GDP represents :

(a) net indirect taxes

(b) depreciation

(c) net factor income from abroad

(d) none of the above

25. ब्याज का उधार देय कोष सिद्धांत संबंधित है :

(अ) कीन्स से

(ब) विक्सैल से

(स) हेन्सन से

(द) हिक्स से

26. आभास लगान बराबर है :

(अ) P – AVC

(ब) P – AFC

(स) P – AC

(द) P – MC

27. व्यष्टि अर्थशास्त्र और समष्टि अर्थशास्त्र शब्दों का प्रयोग सर्वप्रथम किया :

(अ) रेग्नर फ्रिश ने

(ब) पी.ए. सेमुअल्सन ने

(स) जे.एम. कीन्स ने

(द) जे.आर. हिक्स ने

28. सकल राष्ट्रीय उत्पाद और सकल घरेलू उत्पाद में अंतर प्रकट करता है :

(अ) विशुद्ध अप्रत्यक्ष कर

(ब) मूल्यह्रास

(स) विदेश से प्राप्त विशुद्ध साधन आय

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

29. Cash balance approach of quantity theory of money is associated with :

(a) Marshall

(b) Pigou

(c) Keynes

(d) All of the above

30. Phillips curve shows the relationship between :

(a) unemployment and income level

(b) unemployment and expenditure level

(c) unemployment and price level

(d) rate of unemployment and rate of inflation

31. According to classical macro-economic theory the change in money supply affects :

(a) monetary variables like price level

(b) real variables like level of employment and output

(c) both monetary and real variables

(d) neither monetary variables nor real variables

29. मुद्रा परिमाण सिद्धांत का नकद शेष दृष्टिकोण संबंधित है :

(अ) मार्शल से

(ब) पीगू से

(स) कीन्स से

(द) उपर्युक्त सभी से

30. फिलिप्स वक्र निम्न में से किनके मध्य संबंध व्यक्त करता है ?

(अ) बेरोजगारी एवं आय का स्तर

(ब) बेरोजगारी एवं व्यय का स्तर

(स) बेरोजगारी एवं कीमत स्तर

(द) बेरोजगारी की दर एवं मुद्रास्फीति की दर

31. प्रतिष्ठित समष्टि आर्थिक सिद्धांत के अनुसार मुद्रा की पूर्ति में परिवर्तन प्रभावित करता है :

(अ) कीमत स्तर जैसे मौद्रिक चरों को

(ब) रोजगार एवं उत्पादन के स्तर जैसे वास्तविक चरों को

(स) मौद्रिक एवं वास्तविक दोनों चरों को

(द) न तो मौद्रिक चरों को और न ही वास्तविक चरों को

32. According to classical macro-economic theory saving and investment are functions of :

(a) income

(b) rate of interest

(c) prices

(d) all of the above

33. Say's law of market states that :

(a) supply is not equal to demand

(b) supply creates its own demand

(c) demand creates its own supply

(d) supply is greater than demand

34. According to Keynesian consumption function as income increases :

(a) APC declines but MPC rises

(b) APC increases but MPC declines

(c) APC declines but MPC remains constant

(d) both APC and MPC remain constant

32. प्रतिष्ठित समष्टि आर्थिक सिद्धांत के अनुसार बचत और निवेश फलन हैं :

(अ) आय के

(ब) ब्याज की दर के

(स) कीमतों के

(द) उपर्युक्त सभी के

33. से का बाजार नियम बताता है :

(अ) पूर्ति मांग के बराबर नहीं होती है

(ब) पूर्ति स्वत: अपनी माँग उत्पन्न करती है

(स) माँग स्वत: अपनी पूर्ति उत्पन्न करती है

(द) पूर्ति माँग से ज्यादा होती है

34. कीन्स के उपभोग फलन के अनुसार जब आय बढ़ती है, तो :

(अ) APC घटती है लेकिन MPC बढ़ती है

(ब) APC बढ़ती है लेकिन MPC घटती है

(स) APC घटती है लेकिन MPC स्थिर रहती है

(द) APC और MPC दोनों स्थिर रहती हैं

35. The concept of accelerator depends upon :

(a) MPC

(b) Capital-output ratio

(c) MPS

(d) APC

36. If the cash reserve ratio is 100 percent, then multiple expansion of bank deposits would be :

(a) 200 percent

(b) zero

(c) 500 percent

(d) 50 percent

37. Which one among the following formulates fiscal policy in India ?

(a) Planning Commission

(b) Ministry of Finance

(c) Finance Commission

(d) Reserve Bank of India

35. त्वरक की अवधारणा निर्भर करती है :

(अ) MPC पर

(ब) पूँजी-उत्पादन अनुपात पर

(स) MPS पर

(द) APC पर

36. यदि नकद कोष अनुपात 100 प्रतिशत हो, तो बैंक जमा में बहुगुणी विस्तार होगा :

(अ) 200 प्रतिशत

(ब) शून्य

(स) 500 प्रतिशत

(द) 50 प्रतिशत

37. भारत में निम्न में से कौन राजकोषीय नीति का निर्माण करता है ?

(अ) योजना आयोग

(ब) वित्त मंत्रालय

(स) वित्त आयोग

(द) भारतीय रिजर्व बैंक

38. Which of the following would *not* be considered as near money ?

(a) time deposits

(b) demand deposits

(c) loans and advances

(d) government bonds

39. Supply of money is :

(a) a stock variable

(b) a flow variable

(c) both stock and flow variables

(d) neither a stock variable nor a flow variable

40. In order to control inflation, the Central Bank should :

(a) sell government securities and lower the bank rate

(b) sell government securities and raise the bank rate

(c) purchase government securities and raise the bank rate

(d) purchase government securities and lower the bank rate

38. निम्न में से किसे निकट मुद्रा **नहीं** माना जाता है ?

(अ) सावधि जमाएँ

(ब) माँग जमाएँ

(स) ऋण एवं अग्रिम

(द) सरकारी बॉण्ड्स

39. मुद्रा की पूर्ति है :

(अ) स्टॉक चर

(ब) प्रवाह चर

(स) स्टॉक व प्रवाह चर दोनों

(द) न ही स्टॉक चर न ही प्रवाह चर

40. मुद्रास्फीति को रोकने के लिये केंद्रीय बैंक को :

(अ) सरकारी प्रतिभूतियों को बेचना और बैंक दर को कम करना चाहिये

(ब) सरकारी प्रतिभूतियों को बेचना और बैंक दर को बढ़ाना चाहिये

(स) सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदना और बैंक दर को बढ़ाना चाहिये

(द) सरकारी प्रतिभूतियों को खरीदना और बैंक दर को कम करना चाहिये

41. Interest rate policy is a component of :

(a) Fiscal policy

(b) Monetary policy

(c) Trade policy

(d) Income policy

42. Who among the following benefits most from inflation ?

(a) creditors

(b) pensioners

(c) bank accountholders

(d) debtors

43. The cash reserve ratio is usually determined by :

(a) market forces

(b) commercial banks

(c) government

(d) monetary authority

44. Banks create credit :

(a) out of nothing

(b) on the basis of securities

(c) on the basis of total assets

(d) on the basis of cash deposits

41. ब्याज दर नीति निम्न में से किसका अंग है ?

(अ) राजकोषीय नीति

(ब) मौद्रिक नीति

(स) व्यापार नीति

(द) आय नीति

42. निम्न में से किसे मुद्रास्फीति का सबसे ज्यादा फायदा होता है ?

(अ) ऋणदाता

(ब) पैंशनधारी

(स) बैंक खाताधारक

(द) ऋणी

43. नकद कोषानुपात का सामान्यतः निर्धारण किया जाता है :

(अ) बाजार शक्तियों द्वारा

(ब) व्यापारिक बैंकों द्वारा

(स) सरकार द्वारा

(द) मौद्रिक प्राधिकरण द्वारा

44. बैंक साख का निर्माण करते हैं :

(अ) किसी में से नहीं

(ब) प्रतिभूतियों के आधार पर

(स) कुल परिसम्पत्तियों के आधार पर

(द) नकद जमाओं के आधार पर

45. The issue of one rupee currency note in India is the liability of the :

(a) Reserve Bank of India

(b) Government of India

(c) State Bank of India

(d) Concerned State Government

46. Apex institution for financing small scale industries in India is :

(a) Industrial Development Bank of India

(b) Industrial Finance Corporation of India

(c) Small Industrial Development Bank of India

(d) NABARD

47. Who is the Chairman of 13th Finance Commission ?

(a) K.C. Pant

(b) C. Rangarajan

(c) Kaushik Basu

(d) Vijay Kelkar

45. भारत में एक रुपये का नोट जारी करने का दायित्व है :

(अ) भारतीय रिजर्व बैंक का

(ब) भारत सरकार का

(स) भारतीय स्टेट बैंक का

(द) संबंधित राज्य सरकार का

46. भारत में लघु उद्योगों की वित्त व्यवस्था की शीर्ष संस्था है :

(अ) भारतीय औद्योगिक विकास बैंक

(ब) भारतीय औद्योगिक वित्त निगम

(स) भारतीय लघु औद्योगिक विकास बैंक

(द) नाबार्ड

47. तेरहवें वित्त आयोग के अध्यक्ष कौन हैं ?

(अ) के. सी. पंत

(ब) सी. रंगराजन

(स) कौशिक बसु

(द) विजय केलकर

48. What is the contribution of service sector in the GDP of India ?

(a) below 25 percent

(b) 25 to 50 percent

(c) 50 to 60 percent

(d) above 60 percent

49. The National Food Securities Mission, launched in 2007, is a :

(a) food import scheme

(b) crop development scheme

(c) mid-day meal scheme

(d) scheme for poor families

50. Rashtriya Krishi Vikas Yojana (RKVY) was launched in 2007-08 for incentivizing states to :

(a) increase productivity of crops

(b) enhance public investment in agriculture

(c) develop irrigation facilities in agriculture

(d) provide institutional credit to farmers

48. भारत के सकल घरेलू उत्पाद में सेवा क्षेत्र का योगदान क्या है ?

(अ) 25 प्रतिशत से कम

(ब) 25 से 50 प्रतिशत तक

(स) 50 से 60 प्रतिशत तक

(द) 60 प्रतिशत से अधिक

49. 2007 में शुरू किया गया राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन है :

(अ) खाद्य आयात योजना

(ब) फसल विकास योजना

(स) मध्यांतर खाने की योजना

(द) गरीब परिवारों की योजना

50. 2007-08 में शुरू की गयी राष्ट्रीय कृषि विकास योजना (RKVY) का उद्देश्य राज्यों को प्रेरित करना था :

(अ) फसलों की उत्पादकता बढ़ाने के लिये

(ब) कृषि में सार्वजनिक विनियोग बढ़ाने के लिये

(स) कृषि में सिंचाई सुविधाओं के विकास के लिये

(द) किसानों को संस्थागत साख प्रदान करने के लिये

51. What is disinvestment ?

(a) process of nationalization

(b) more investment

(c) less investment

(d) selling out public sector industry to private sector

52. Golden revolution is concerned with the production of :

(a) vegetables and fruits

(b) milk

(c) fish

(d) foodgrains

53. Among the foodgrain crops which one of the following provides maximum output in India ?

(a) Wheat

(b) Rice

(c) Pulses

(d) Coarse cereals

54. Hindu rate of growth concept was given by :

(a) D.R. Gadgil

(b) Rajkrishna

(c) Planning Commission of India

(d) World Bank

51. विनिवेश क्या है ?

(अ) राष्ट्रीयकरण की प्रक्रिया

(ब) अधिक निवेश करना

(स) निवेश घटाना

(द) सार्वजनिक क्षेत्र के उद्योगों को निजी क्षेत्र में बेचना

52. सुनहरी क्रांति का संबंध किसके उत्पादन से है ?

(अ) सब्जियाँ व फल

(ब) दूध

(स) मछली

(द) खाद्यान्न

53. भारत में खाद्यान्न फसलों में से कौनसी फसल अधिकतम उत्पादन प्रदान करती है ?

(अ) गेहूँ

(ब) चावल

(स) दालें

(द) मोटा अनाज

54. विकास की हिंदू दर की अवधारणा दी गई थी :

(अ) डी. आर. गाडगिल के द्वारा

(ब) राजकृष्णा के द्वारा

(स) भारत के योजना आयोग के द्वारा

(द) विश्व बैंक द्वारा

55. The measurement of poverty line in rural areas of India is :

(a) 2100 calories

(b) 2300 calories

(c) 2400 calories

(d) 2200 calories

56. For dealing with qualitative data the best average is :

(a) arithmetic mean

(b) geometric mean

(c) median

(d) mode

57. Which one of the following measures of dispersion is considered best ?

(a) standard deviation

(b) range

(c) variance

(d) coefficient of variation

58. For a negatively skewed distribution, the *correct* relation among mean, median and mode is :

(a) Mean = Median = Mode

(b) Median $<$ Mean $<$ Mode

(c) Mean $<$ Median $<$ Mode

(d) Mean $>$ Median $>$ Mode

55. भारत के ग्रामीण क्षेत्रों में गरीबी की रेखा का मापदण्ड है :

(अ) 2100 कैलोरी

(ब) 2300 कैलोरी

(स) 2400 कैलोरी

(द) 2200 कैलोरी

56. गुणात्मक समंकों के विवेचन में सर्वोत्तम माध्य है :

(अ) समांतर माध्य

(ब) गुणोत्तर माध्य

(स) मध्यका

(द) बहुलक

57. निम्न मापों में से अपकिरण के लिये कौनसा माप सर्वाधिक उपयुक्त है ?

(अ) प्रमाप विचलन

(ब) विस्तार

(स) प्रसरण

(द) विचरण गुणांक

58. ऋणात्मक विषमता वाले बंटन में माध्य, मध्यका और बहुलक के बीच संबंध होगा :

(अ) माध्य = मध्यका = बहुलक

(ब) मध्यका $<$ माध्य $<$ बहुलक

(स) माध्य $<$ मध्यका $<$ बहुलक

(द) माध्य $>$ मध्यका $>$ बहुलक

59. The sum of squares of the deviations is minimum when deviations are taken from :

(a) mean

(b) median

(c) mode

(d) zero

60. Which of the following statements is *true* ?

(a) Coefficient of correlation is the geometric mean of two coefficients of regression

(b) Values of both regression coefficients cannot exceed 1

(c) Correlation coefficient is the square root of product of both regression coefficients

(d) All of the above

61. The component of time series which is attached to short-term fluctuations is :

(a) seasonal variation

(b) cyclical variation

(c) irregular variation

(d) all of the above

59. पद मूल्यों के विचलनों के वर्गों का योग न्यूनतम होता है जब विचलन लिये जाते हैं :

(अ) माध्य से

(ब) मध्यका से

(स) बहुलक से

(द) शून्य से

60. निम्न में से कौनसा कथन **सही** है ?

(अ) सहसंबंध गुणांक दोनों प्रतीपगमन गुणांकों का गुणोत्तर माध्य होता है

(ब) दोनों प्रतीपगमन गुणांकों के मान 1 से अधिक नहीं हो सकते हैं

(स) सहसंबंध गुणांक प्रतीपगमन गुणांकों के गुणनफल का वर्गमूल है

(द) उपर्युक्त सभी

61. काल श्रेणी का कौनसा घटक अल्पकालीन उच्चावचन से संबंधित है :

(अ) मौसमी उच्चावचन

(ब) चक्रीय उच्चावचन

(स) अनियमित उच्चावचन

(द) उपर्युक्त सभी

62. Median is *not* equal to :

(a) second quartile

(b) fifth decile

(c) fiftieth percentile

(d) third octile

63. If two regression lines are perpendicular to each other, the correlation between two variables is :

(a) $\infty$

(b) +1

(c) –1

(d) 0

64. If $A = \begin{vmatrix} 8 & 7 \\ 5 & 5 \end{vmatrix}$, then the value of determinant is :

(a) 75

(b) 40

(c) 5

(d) 35

62. मध्यका बराबर नहीं है :

(अ) द्वितीय चतुर्थक के

(ब) पाचवें दशमक के

(स) पचासवें शतमक के

(द) तीसरे अष्टमक के

63. यदि दो प्रतीपगमन रेखाएँ एक दूसरे को समकोण पर काटें, तो दो चरों के मध्य सहसंबंध होगा :

(अ) $\infty$

(ब) +1

(स) –1

(द) 0

64. यदि $A = \begin{vmatrix} 8 & 7 \\ 5 & 5 \end{vmatrix}$ हो तो सारणिक का मान होगा :

(अ) 75

(ब) 40

(स) 5

(द) 35

65. If the roots of quadratic equation are –2 and +1, then the quadratic equation will be :

(a) (X – 2) (X + 1) = 0

(b) (X + 2) (X + 1) = 0

(c) (X + 2) (X – 1) = 0

(d) (X – 2) (X – 1) = 0

66. The series $\frac{1}{5}, \frac{1}{3}, 1, -1, -\frac{1}{3}, \ldots\ldots\ldots$ is :

(a) Arithmetic Progression

(b) Geometric Progression

(c) Harmonic Progression

(d) None of the above

67. The slope of a straight line equation 2X – 3Y + 1 = 0 is :

(a) $\frac{1}{3}$

(b) 3

(c) $\frac{3}{2}$

(d) $\frac{2}{3}$

65. यदि किसी द्विघात समीकरण के मूल –2 तथा +1 है तो द्विघात समीकरण होगा :

(अ) (X – 2) (X + 1) = 0

(ब) (X + 2) (X + 1) = 0

(स) (X + 2) (X – 1) = 0

(द) (X – 2) (X – 1) = 0

66. श्रेणी $\frac{1}{5}, \frac{1}{3}, 1, -1, -\frac{1}{3}, \ldots\ldots\ldots$ है :

(अ) समांतर श्रेढी

(ब) गुणोत्तर श्रेढी

(स) हरात्मक श्रेढी

(द) उपर्युक्त में से कोई नहीं

67. सरल रेखा के समीकरण 2X – 3Y + 1 = 0 का ढाल है :

(अ) $\frac{1}{3}$

(ब) 3

(स) $\frac{3}{2}$

(द) $\frac{2}{3}$

68. If P = 10 – 2X, then MR will be :

(a) 10 – 4X

(b) $10X - 2X^2$

(c) $\frac{10}{X} - 2$

(d) –2

69. If $Y = \sqrt{X}$, then $\frac{dy}{dx}$ will be :

(a) $2\sqrt{X}$

(b) $\frac{1}{X}$

(c) $\frac{1}{2\sqrt{X}}$

(d) $\frac{1}{\sqrt{X}}$

70. Which of the following is *not* equal to others ?

(a) $\log_5 5$

(b) $\log_{10} 10$

(c) $\log_3 3$

(d) $\log_{10} 7$

68. यदि P = 10 – 2X हो, तो MR होगा :

(अ) 10 – 4X

(ब) $10X - 2X^2$

(स) $\frac{10}{X} - 2$

(द) –2

69. यदि $Y = \sqrt{X}$ हो, तो $\frac{dy}{dx}$ होगा :

(अ) $2\sqrt{X}$

(ब) $\frac{1}{X}$

(स) $\frac{1}{2\sqrt{X}}$

(द) $\frac{1}{\sqrt{X}}$

70. निम्न में से कौनसा अन्य के बराबर **नहीं** है ?

(अ) $\log_5 5$

(ब) $\log_{10} 10$

(स) $\log_3 3$

(द) $\log_{10} 7$

**Space for Rough Work**
**कच्चे कार्य के लिए स्थान**

SEAL